>

Title: Need to include Bharatpur district in Rajasthan in the National Capital Region for the overall development of the area.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): जिला भरतपुर दिल्ली से सीधे तौर पर 100 कि0मी0 की दूरी में है। भरतपुर जिला उत्तर प्रदेश, हरियाणा से होते हुए दिल्ली से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा यह अलवर से भी जुड़ा हुआ है। हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ जिले एवं अलवर राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित है। भरतपुर की भौगोलिक स्थिति एवं आवश्यकता भी इन्हीं जिलों के अनुरूप है। भरतपुर जिले का समुचित समग्र विकास हो एवं यहां से आबादी का निष्क्रमण न हो, इसके लिए भरतपुर जिले को राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में सम्मिलित किए जाने का आदेश प्रदान करावें। इससे भरतपुर का त्वरित गति से चहुंमुखी विकास होगा।